संख्या ए- 13019/बीएडब्ल्यू/2019-विजि.
भारत सरकार, गृह मंत्रालय
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार

खंड सं.-9, के.स.का. परिसर,
लोधी रोड, नई दिल्ली-03
दिनांक: 23.10.2020

परिपत्र

विषय : सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2020 का पालन
"सतर्क भारत, समृद्ध भारत" – "Vigilant India, Prosperous India"

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार, गृह मंत्रालय में केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित "सतर्क भारत, समृद्ध भारत"– "Vigilant India, Prosperous India" विषय पर दिनांक 27 अक्टूबर 2020 से 02 नवम्बर 2020 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

2. सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान यानी 27 अक्टूबर 2020 से 02 नवम्बर 2020 तक समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार मुख्यालय में निम्नलिखित गतिविधियां संचालित की जाएंगी:-

दिनांक और समय	गतिविधियां	तरीका (mode)
27/10/2020 प्रात: 11 बजे	निदेशालय के सभी कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेना	केन्द्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट पर जाकर e-pledge लेना या मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिलायी जाने वाली प्रतिज्ञा मेन भाग लेना भाग लेने के लिए लिंक स.नि.पु.बे. की वेबसाइट www.dcpw.gov.in पर उपलब्ध होगा। या अपने-अपने स्थान पर संबंधित शाखा प्रभारियों/अनुभाग प्रभारियों/अं. रा. पु. बेतार केंद्र प्रभारियों द्वारा प्रतिज्ञा दिलायी जाएगी।
28/10/2020 प्रात: 11 बजे	निबंध प्रतियोगिता	ई-मेल के माध्यम से ऑनलाइन: क) "सतर्क भारत, समृद्ध भारत – "Vigilant India, Prosperous India" विषय पर हिंदी या अंग्रेजी में हस्तलिखित या टाईप किए गए निबंध को दिनांक 27/10/2020 को शाम 3 बजे तक सतर्कता प्रकोष्ठ में जमा करें या cvo@dcpw.gov.in पर मेल कर दें। ख) निबंध 500 शब्दों तक सीमित होना चाहिए। निबंध के सबसे ऊपरी भाग पर अपना नाम, पदनाम, तैनाती की जगह और सम्पर्क नम्बर दिया जाना चाहिए।
28/10/2020 सांय 3 बजे	वाद-विवाद प्रतियोगिता	वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन भाग लेने के लिए लिंक स.नि.पु.बे. की वेबसाइट www.dcpw.gov.in पर उपलब्ध होगा।

29/10/2020 सायं 3 बजे	भ्रष्टाचार-रोधी विषय पर कार्यशाला/व्याख्यान। उसके बाद एक छोटी सी क्विज प्रतियोगिता होगी।	वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन भाग लेने के लिए लिंक स.नि.पु.बे. की वेबसाइट www.dcpw.gov.in पर उपलब्ध होगा।
02/11/2020 सायं 3 बजे	विजेताओं की घोषणा/समापन	वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन भाग लेने के लिए लिंक स.नि.पु.बे. की वेबसाइट www.dcpw.gov.in पर उपलब्ध होगा।

3. निदेशालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी (अं. रा. पु. बेतार केन्द्रों सहित) उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।

4. निदेशालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी (अं. रा. पु. बेतार केन्द्रों सहित) से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में भाग लेने के लिए अपनी सहमति cvo@dcpw.gov.in पर मेल के माध्यम से सूचित करें या 9811067091, 8800673936 पर एसएमएस/संदेश भेज कर सतर्कता प्रकोष्ठ में अपना नामांकन कराएं।

5. प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

6. केन्द्रीय सतर्कता आयोग के परिपत्र संख्या 09/09/2020 दिनांक 08/09/2020 के अनुसार सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों द्वारा भी इसी तरह से सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। व्यय विभाग के दिनांक 04.09.2020 के कार्यालय ज्ञापन सं. 7 (2)ई.सम./2020 के माध्यम से वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आर्थिक मितव्ययिता को ध्यान में रखते हुए, इस संबंध में प्रति केंद्र व्यय रू. 1000/- (एक हजार रुपए मात्र) तक सीमित किया गया है, जो स्टेशन इम्प्रेस्ट से वहन किया जा सकता है।

7. **सभी संबंधितों को सभी स्थानों और कार्यक्रमों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी वर्तमान कोविड-19 निवारण दिशानिर्देशों का सख्ती से अनुपालन करना होगा।**

8. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

24/x/2020

(आर.के. वर्मा)
संयुक्त निदेशक और मुख्य सतर्कता अधिकारी

सेवा में,

1. सभी शाखा प्रमुख/अनुभाग प्रमुख/अं.रा.पु.बे. केन्द्र प्रभारी।
2. अपर निदेशक (मुख्यालय)/अपर निदेशक (प्रचालन) के निजी सचिव।
3. नोटिस बोर्ड
4. आई.टी. सेल, डीसीपीडब्ल्यू- डीसीपीडब्ल्यू की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए और ऑनलाइन मोड के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए।

सादर सूचना के लिए प्रतिलिपि अग्रेषित :

1. अवर सचिव (पीएम), पीएम प्रभाग, गृ.मं., जैसलमेर हाउस, नई दिल्ली
2. अवर सचिव (सतर्कता), सतर्कता अनुभाग, नोर्थ ब्लॉक, गृ.मं., नई दिल्ली